हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, गुरुवार 26 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 30.5 डिग्री
न्यूनतम 9.0 डिग्री

12 शिव मंदिर के बरसाना होली मिलन कार्यक्रम में भजनों पर झूमी महिलाएं



12 सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले हटे पीछे, धारूहेड़ा में अस्पताल निर्माण का रास्ता साफ



## खबर संक्षेप

### दहेज उत्पीड़न मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार
**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिताओं को प्रताड़ित करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। महिला थाना पुलिस ने विवाहिता की शिकायत के आधार पर दोनों पक्षों के बीच बातचीत के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। बातचीत सिरे नहीं चढ़ने पर पुलिस ने 23 फरवरी को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने नूंह के कलवाड़ी निवासी हैप्पी को गिरफ्तार कर लिया। थाना खोल पुलिस ने गत वर्ष 16 दिसंबर को दर्ज मामले में राजस्थान के मातौर निवासी जसपाल को गिरफ्तार किया है।

### सड़क हादसे के बाद फरार वाहन चालक गिरफ्तार
**कोसली।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद मौके से फरार एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। कोसली क्षेत्र में गत दिनों हुए हादसे के बाद पुलिस ने घायल के बयान पर 18 फरवरी को वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। परिजनों के बयान पर पुलिस ने 16 फरवरी को केस दर्ज करने के बाद चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू किए थे। इस मामले में पुलिस ने गुरूग्राम के ढाणी कासन में रहने वाले मूल रूप से रोहतक के संगाहेड़ा निवासी मनीष कुमार को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### मारपीट मामले में एक आरोपी किया गिरफ्तार
**बावल।** धरचाना में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के माले में बावल थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मारपीट में घायल के बयान पर पुलिस ने गत 18 फरवरी को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़ित ने मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे। पुलिस ने इस मामले में जांच के बाद धरचाना निवासी अनिल को गिरफ्तार कर लिया। उसे मामले की तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### महिला से अभद्र व्यवहार का आरोपी काबू
**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने महिला से अभद्र व्यवहार करने और धमकी देने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पीड़िता ने पुलिस को दर्ज शिकायत में सेक्टर-3 निवासी प्रवीण पर अभद्र व्यवहार करने, साक्ष्य नष्ट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ गत वर्ष 10 नवंबर को केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में पेश करने के बाद उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया।

### आपस में झगड़ा करते हुए दो आरोपी काबू
**खोरी।** थाना खोल पुलिस ने आपस में झगड़ा करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार खोरी के पास टींट निवासी निखिल और छुरियावास निवासी रोहित आपस में झगड़ा कर रहे थे। इससे उनके बीच झगड़े की आशंका बनी हुई थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। उनके खिलाफ डीडीआर दर्ज करने के बाद दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया।

### पिकअप की टक्कर से स्कूटी सवार घायल
**रेवाड़ी।** गढ़ी बोलनी रोड पर मंगलवार की रात पिकअप गाड़ी की चपेट में आकर स्कूटी सवार घायल हो गया। डवाना निवासी अशोक एक कंपनी में कार्यरत है। वह स्कूटी लेकर शादी समारोह में भाग लेने के लिए गया था। घर लौटते समय डवाना के पास पिकअप ने स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया।

नेहरू पार्क में लंबे समय से सीवर की समस्या का समाधान नहीं, बच्चों के झूले टूटे और चारदीवारी हो चुकी जर्जर

# अनदेखी के शिकार हो रहे शहर के पार्क, गोवंश का जमावड़ा और पास में लगे कचरे के अंबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

देखरेख के अभाव व लापरवाही के कारण शहर के पार्कों की हालत बिगड़ती जा रही है। हालांकि शहर के कई पार्कों में करोड़ों रुपये से सुधार व सौन्दर्यकरण का कार्य किया जा रहा है, लेकिन ये कार्य धीमा चल रहा है और कई पार्कों में कार्य अधूरा छोड़ा हुआ है। नेहरू पार्क की चारदीवारी कई जगह से जर्जर अवस्था में आ चुकी है। पार्क के मुख्यद्वार की हालय दयनीय हो चुकी है वहीं नेहरू पार्क में लंबे समय से ओवरफ्लो हो रहे सीवर की समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। ब्रह्मगढ़ परिसर के सामने ब्रास मार्केट पार्क के पास कचरे का अंबार लगा हुआ है वहीं पार्क के अंदर पूरे दिन गोवंश का जमावड़ा लगा रहता है। सेक्टरों के पार्कों की दशा सुधारने की ओर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सेक्टरवासी दर्जनों बार प्रशासन को ज्ञापन देकर समस्या के समाधान की मांग कर चुके है। कई पार्कों की देखरेख नहीं होने के कारण घास भी गायब होकर जमीन दिखने लगी है। पार्कों में लगे झूले व लाखों रुपए की लागत से लगाई गई ओपन जिम मशीनें भी टूट चुकी है। ब्रास मार्केट के तिकोना की भी हालत दयनीय बनी हुई है।



रेवाड़ी। ब्रास मार्केट के पार्क में गोवंश का जमावड़ा। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। ब्रास मार्केट पार्क के पास लगा कचरे का अंबार। फोटो : हरिभूमि

### पूरे दिन लगा रहता गोवंश का जमावड़ा
*पार्कों की चारदीवारी टूट जाने के कारण गोवंश घुस रहे है। गोवंश पार्क में बैठे लोगों के बीच परेशानी पैदा कर रहे है। पार्कों में सफाई नहीं होने के कारण जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए है। गोवंश कचरे को फैला रहे है। यहां तक कि डस्टबिनों में भी मुंह मार रहे है, जिससे डस्टबिनों का कचरा पार्क में फैल रहा है। ब्रास मार्केट के पार्क की चारदीवारी कई जगह से टूटी हुई है।*

### पार्कों के झूले हुए खस्ताहाल
शहर के नेहरू पार्क, राव तुलाराम पार्क, नेताजी सुभाष पार्क, ब्रास मार्केट पार्क सहित सेक्टर-1, सेक्टर-3 व सेक्टर-4 के पार्कों में लगी ओपन जिम मशीनें व झूले पूरी तरह खस्ताहाल स्थित में आ चुके है। नगर परिषद की ओर से पार्कों की व्यवस्था पर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पार्कों में देखरेख के लिए चौकीदार नहीं होने के कारण अव्यवस्था फैल रही है।





### सीवर ओवरफ्लो का समाधान नहीं
शहर के मुख्य नेहरू पार्क में लंबे समय से सीवर ओवरफ्लो की समस्या बनी हुई है, लेकिन नगर परिषद की ओर से समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। सीवर के गंदे पानी से पार्क में दुर्गंध फैल रही है, जिससे पार्क में बैठना दुश्वार हो रहा है, वही पार्क के पास से गुजरने पर भी लोगों को बदबू का सामना करना पड़ रहा है। नप की सुस्त कार्यशैली के कारण शहर में सफाई व्यवस्था बेहाल हो गई है। सड़कों के किनारे कचरे के ढेर लगे है। वहीं सफाई नहीं होने से सीवर भी उफान मार रहे है। प्रशासन की ओर से पार्क में जमा होने वाले सीवर के गंदे पानी की समस्या का कोई ठोस प्रबंध तक नहीं किया जा रहा है। गंदे पानी के जमा होने के कारण पार्क में लगी घास व पौधे भी खत्म हो गए है।

# ईको कार से नशीला पदार्थ सुल्फा बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

रामपुरा थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि भीम बस्ती निवासी कुलदीप नशीले पदार्थ की बिक्री करता है। वह ईको कार लेकर खड़ा किसी का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 89.19 ग्राम सुल्फा बरामद हुआ। पुलिस ने ईको कार को कब्जे में लेकर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी कुलदीप।


# हरियाणा बोर्ड की परीक्षाएं शुरू, विद्यार्थियों ने दिया अंग्रेजी का पेपर

- आज से शुरू होंगी दसवीं की परीक्षाएं, साढ़े आठ हजार से अधिक विद्यार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

जिले में बुधवार से हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। पहले दिन बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अंग्रेजी की परीक्षा दी। जिले में 54 परीक्षा केंद्रों पर हुई परीक्षा में 8 हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए। दोपहर साढ़े 12 बजे से शुरू हुई परीक्षा के लिए एक घंटा पहले से ही विद्यार्थी पहुंचना आरंभ हो गए थे, लेकिन कुछ परीक्षा केंद्रों पर विद्यार्थियों को आधा घंटा पहले एंट्री दी गई। फ्लाइंग स्कवॉयड की टीमों ने परीक्षा केंद्रों पर जांच की। सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा-163 लागू की गई है। परीक्षा केंद्रों के पास की फोटोस्टेट की दुकानें व कोचिंग सेंटर बंद थे। वीरवार से दसवीं कक्षा की भी परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। 26 फरवरी को दसवीं का गणित का पेपर रहेगा। दसवीं की बोर्ड परीक्षा में 8502 विद्यार्थी शामिल होंगे।





रेवाड़ी। हिंदू स्कूल में लिस्ट पर अपना कमरा नंबर देखते हुए छात्राएं, गवर्नमेंट ब्वायज स्कूल के परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते डीसी व एसपी। फोटो : हरिभूमि

### डीसी व एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण
नकल रहित परीक्षाओं को लेकर एसडीएम, डीईओ, बीईओ सहित अन्य विभागीय अधिकारियों की अगुवाई में परीक्षाओं के लिए उड़नदस्तों का गठन किया गया है। डीसी अभिषेक मीणा और एसपी हेमेंद्र मीणा ने बुधवार को एचबीएसई 12वीं परीक्षा के पहले दिन कई परीक्षा केंद्रो का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। भाड़ावास गेट स्थित गवर्नमेंट ब्वॉयज स्कूल पहुंचे डीसी अभिषेक मीणा ने परीक्षार्थियों को संदेश दिया कि नकल करने से उनका पूरा भविष्य बर्बाद हो सकता है। इसलिए अपनी मेहनत से ही सफलता हासिल करें। एसडीएम सुरेश कुमार, एसडीएम कोसली विजय कुमार यादव, सीटीएम जितेंद्र कुमार, डीएसपी डा. रविंद सिंह, डीडीपीओ एचपी बंसल, जिला शिक्षा अधिकारी बिजेंद्र हुड्डा व जिला मौलिक शिक्षा प्रदीप कुमार दहिया सहित अनेक अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

### नकल रहित परीक्षा के लिए किए इंतजाम
*जिले में 54 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसके तहत 10वीं में 8502, 12वीं में 8476 तथा डीएड में 376 परीक्षार्थी शामिल हैं। परीक्षा नकल रहित परीक्षा कराने के लिए बोर्ड स्तर, एसडीएम स्तर तथा खंड शिक्षा अधिकारी स्तर पर फ्लाईंग स्क्वायड का गठन किया गया है। परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन व डिजिटल वॉच पर पाबंदी रहेगी। बुधवार को विद्यार्थियों की एंट्री के दौरान सही से जांच की गई। परीक्षा के समय परीक्षा केंद्रों के आसपास सभी फोटोस्टेट की दुकानें और साइबर कैफे बंद रहेंगे। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरों से भी परीक्षा पर नजर रखी जा रही है। परीक्षा केंद्रों के आपपास धारा 163 लागू की गई है।*

# पहले गाड़ी को पीछे से मारी टक्कर, इसके बाद युवक को पीटा

- एसपी से लगाई आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

बिठवाना से बड़ा तालाब हनुमान मंदिर आ रहे एक युवक की गाड़ी को पीछे चल रही गाड़ी ने टक्कर मार दी।

जब युवक ने पीछे चल रही गाड़ी के चालक को संभलकर गाड़ी चलाने की नसीहत दी, तो चालक व गाड़ी में सवार लोगों ने उसके साथ जमकर मारपीट की। युवक को घायलावस्था में अस्पताल में दाखिल कराया गया है। उसकी बहन ने एसपी को पत्र लिखकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। यह घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई, जिसकी फुटेज एसपी को मुहैया कराई गई है। एसपी को दर्ज शिकायत में टीपी स्कीम निवासी दीपिका शर्मा ने बताया कि 24 फरवरी को उसका भाई दीपक गाड़ी लेकर बिठवाना से बड़ा तालाब हनुमान मंदिर जाने के लिए घर से निकला था। सुबह करीब सवा 10 बजे जब वह एक पेट्रोल पंप के पास पहुंचा, तो पीछे चल रही गाड़ी ने उसकी गाड़ी को टक्कर मार दी। दीपक ने गाड़ी रोककर पीछे चल रही गाड़ी के चालक से देखकर गाड़ी चलाने को कहा।

आरोप है कि गाड़ी में सवार चालक सहित तीन लोगों ने उतरकर दीपक को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। दीपक के साथ मारपीट करते हुए आरोपियों ने खुद को वकील बताते हुए धमकी दी कि वह उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। आसपास के लोगों ने बचाव कराते हुए दीपक को घायलावस्था में अस्पताल में पहुंचाया।



रेवाड़ी। सीसीटीवी फुटेज में दीपक के साथ मारपीट कर रहे आरोपी।

### सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात
*दीपक के साथ मारपीट करने की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इसकी फुटेज भी पुलिस को मुहैया कराई गई है। दीपिका का आरोप है कि पुलिस आरोपियों के साथ मिली हुई है, जिस कारण उनके खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं कर रही है। गंभीर चोटें होने के बावजूद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ साधारण धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। उसने एसपी से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।*

# नकदी व जेवरात चोरी करने के मामले में एक आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

कानोड़ गेट चौकी पुलिस ने शिव कॉलोनी स्थित मकान से नकदी व जेवरात चोरी करने के मामले में एक आरोपी को अदालत से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला खैरथल के सुभाष नगर निवासी मोहन के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। शिव कॉलोनी निवासी कांता देवी गत 19 जनवरी को दोपहर के समय मकान को ताला लगाकर सामान लेने के लिए बाजार गई थी। पीछे से कोई व्यक्ति ताला तोड़कर मकान से करीब 30 हजार रुपये की नकदी व जेवरात चोरी करके ले गए। जांच के बाद पुलिस ने मंगलवार को मामले में संलिप्त एक आरोपी राजस्थान के जिला खैरथल के सुभाष नगर निवासी मोहन को अदालत से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।



आज से तापमान में वृद्धि होने की संभावना, मार्च के शुरू में ही रात भी होने लगेंगी गर्म

# पारे में मामूली गिरावट के बावजूद मौसम गर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

आसपास के एरिया में हुई ओलावृष्टि के बाद सुबह के समय ठंड बरकरार है, परंतु दोपहर तक गर्मी ने पसीना छुड़ाना शुरू कर दिया है। दोपहर के समय पंखे चलने भी शुरू हो गए हैं। वीरवार से दिन का पारा और चढ़ने की संभावना है। मार्च के शुरू में ही रात का तापमान बढ़ने के साथ ही सर्दी की विदाई और गर्मी की शुरूआत हो जाएगी। बुधवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा। नारनौल क्षेत्र में दो दिन पहले ओले गिरने के कारण सुबह के समय ठंड का अच्छा असर रहा। तेज धूप निकलने के बाद दोपहर तक मौसम गर्म हो गया। अधिकतम तापमान 0.7 डिग्री की गिरावट के साथ 30.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। रात का तापमान भी 0.8 डिग्री की कमी के साथ 9.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर कम होकर 38 प्रतिशत पर आ गया, जबकि हवाओं की रफ्तार 10 किलोमीटर प्रति घंटा रही। सुबह की ठंड का असर दोपहर तक गर्मी में बदल गया। दोपहर के समय पंखे चलने शुरू हो गए। दिन के समय गर्म कपड़ों की आवश्यकता भी अब नहीं रही है। मौसम विभाग के अनुसार शुष्क मौसम के चलते 26 फरवरी से दिन और रात के तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। यह सर्दी की विदाई के साथ ही गर्मी की दस्तक देने का काम करेगी। बरसात की अभी कोई संभावना नहीं है। तापमान में आने वाले दिनों में काफी वृद्धि देखने को मिलेगी।

### सुबह के समय ठंड का असर बरकरार



रेवाड़ी। एक खेत में तैयार हो रही गेहूं की फसल। फोटो : हरिभूमि

### प्रदूषण के स्तर में हो रहा सुधार
*हवा में नमी कम होने के कारण प्रदूषण की समस्या में भी कमी आ रही है। सुबह के समय एक्यूआई जरूर बढ़ा रहता है, लेकिन दोपहर तक इसमें भारी कमी देखने को मिलती है। बुधवार को दोपहर बाद धारूहेड़ा का एक्यूआई 161 दर्ज किया गया, जो सुबह के समय 200 के पार पहुंच गया था। आने वाले दिनों में ईंट भट्टों का संचालन शुरू होने वाला है, जिससे प्रदूषण का स्तर तेजी से बढ़ने की आशंका बनी हुई है।*

### गेहूं की फसल को मौसम से खतरा
*मौसम शुष्क रहने के कारण सरसों की अगेती फसल कटाई के लिए तैयार हो रही है। बावल हलके में अगेती फसल की कटाई शुरू भी हो गई है। तापमान बढ़ने के कारण गेहूं की फसल पर खतरा मंडराना शुरू हो गया है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार तापमान बढ़ने से रेत गर्म होता है, जिससे दीमक जमीन से बाहर निकलकर गेहूं पर हमला करती है। इससे फसल उत्पादन प्रभावित होता है। किसानों को नियमित रूप से गेहूं की हल्की सिंचाई करनी चाहिए।*

### निशान यात्रा और होली मिलन समारोह 28 को

- निशान यात्रा डबल फाटक मार्केट से प्रारंभ होगी

**रेवाड़ी।** डबल फाटक मार्केट एवं श्याम भक्तों की ओर से श्री खाटू श्याम जी की दूसरी निशान शोभा यात्रा एवं होली मिलन समारोह का आयोजन 28 फरवरी को दोपहर 2 बजे किया जाएगा। निशान यात्रा डबल फाटक मार्केट से प्रारंभ होकर कानोड़ गेट, जीवली बाजार, मोती चौक व भाड़ावास गेट होते हुए सोलहराही धाम श्याम मंदिर पर पहुंचेगी। निशान यात्रा में बाबा के भक्त ध्वजाएं लेकर, रंग-गुलाल उड़ाते हुए, ढोल-नगाड़ों की मधुर धुनों पर प्रेम, श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ शामिल होंगे।









डॉक्टर्स सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# केमिकल कलर्स से जब हो स्किन प्रॉब्लम



**मेरी उम्र 28 वर्ष है। पिछले साल होली में रंग-गुलाल खेलने के बाद मेरी स्किन पर दाने और रैशेज हो गए थे। कृपया कोई ऐसा उपाय बताएं, जिससे इस बार ऐसी प्रॉब्लम न हो।**

**-सौरभ, हिसार**

बाजार में तरह-तरह के केमिकल वाले रंग भी मिलते हैं। कई बार लोग इनका इस्तेमाल करते हैं। इसलिए इनके इस्तेमाल से खुद भी बचें और दूसरों को भी जागरूक करें। साथ ही रंग खेलने से पहले पूरे शरीर पर नारियल का तेल या मॉयश्चराइजर लगा लें। नारियल तेल ज्यादा बेहतर रहेगा। साथ ही केवल हर्बल कलर का इस्तेमाल करें। एक ही बार मे रंग छुड़ाने की कोशिश ना करें। कई लोग एक ही बार में पूरा रंग छुड़ाने के लिए कई बार साबुन लगाते रहते हैं। ऐसा न करें। अगर थोड़ा हल्का भी हो जाए तो अगले दिन उतर जाएगा। इस तरह त्वचा को बचाया जा सकता है।

**मेरी उम्र 23 वर्ष है। अभी से ही मेरे सिर के आधे से अधिक बाल सफेद हो गए हैं। कृपया बताएं कि इसकी क्या वजह है और इसे कैसे ठीक किया जा सकता है?**

**-विकास, दुर्ग**

आजकल यंगस्टर्स में यह समस्या काफी देखी जा रही है। सबसे पहले आप बाजार में उपलब्ध तरह-तरह के शैंपू का बदल-बदल कर इस्तेमाल करना बंद करें। साथ ही एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें, वे आपको कुछ शैंपू और साबुन बताएंगे, उनका इस्तेमाल करें और जरूरत पड़ी तो कुछ जांच कराएंगे। बगैर जांच करवाए कोई उपचार नहीं बताया जा सकता है।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। अकसर सुबह के समय मेरी आंखों के नीचे और चेहरे पर सूजन सी लगती है। कुछ देर बाद खुद ही नॉर्मल हो जाता है। यह किसी बीमारी का संकेत तो नहीं, कृपया बताएं।**

**-एक पाठक, ई-मेल से**

आंखों के नीचे सूजन आना कई बार शुगर बढ़ने के लक्षण भी होते हैं। लेकिन बगैर जांच कराए कुछ भी कहना ठीक नहीं है। सबसे पहले आप डॉक्टर से संपर्क कर शुगर की जांच कराएं। अगर वह रिपोर्ट नॉर्मल निकलती है तो फिर डॉक्टर और भी जांच कराएंगे, जिससे कारण पता चलेगा और इलाज हो सकेगा।

**मेरी उम्र 32 वर्ष है। मुझे दिन भर मीठा खाने की क्रेविंग होती रहती है। प्लीज बताएं इससे मुझे डायबिटीज तो नहीं हो जाएगी? अपनी इस हैबिट को छोड़ने के लिए क्या उपाय करूं?**

**-कल्पेश, रायपुर**

कोई भी चीज लिमिट में खाना ठीक होता है, लेकिन जरूरत से ज्यादा खाना नुकसानदायक होगा। सबसे पहले आप दो चीजों पर गौर करें कि आपकी शुगर कितनी है और आप फिजिकल एक्टिविटीज कितनी करते हैं? क्योंकि अगर आपकी फिजिकल एक्टिविटीज कम हैं और शुगर कंट्रोल है तो भी आपको मीठा कम खाना चाहिए। मीठे में भी ऐसे आइटम खाएं, जिसमें शुगर कम हो। डीप फ्राई वाली चीजें बिल्कुल ना खाएं।

**मेरी पिता की उम्र 74 वर्ष है। उनके गॉल ब्लैडर में स्टोन है। लेकिन डॉक्टर ऑपरेशन करने से मना कर रहे हैं। इससे उनको कोई प्रॉब्लम तो नहीं होगी? कृपया बताएं हमें क्या करना चाहिए?**

**-पंकज, बिलासपुर**

देखिए, अगर डॉक्टर ही मना कर रहे हैं ऑपरेशन करने के लिए, तो कोई न कोई उसका कारण होगा। इसलिए आप रिस्क ना लें और डॉक्टर द्वारा बताई गयी सावधानी बरतते हुए ही ट्रीटमेंट कराएं।

**मेरी उम्र 53 वर्ष है। मैं जब भी ट्रैफिक में होता हूं तो बहुत घबराहट महसूस होती है। इस वजह से घर से कम निकलता हूं। ऐसा क्यों होता है? प्लीज इसका कोई कारगर उपचार बताएं।**

**-अवधेश, कांकेर**

सबसे पहले आप डॉक्टर से संपर्क कर अपनी सारी जांच कराएं, जिससे पता चल जाएगा कि यह किसी बीमारी के लक्षण तो नहीं हैं। अगर रिपोर्ट नॉर्मल है तो इसके बाद आप मनोचिकित्सक से संपर्क कर सकते हैं। कई लोगों को भीड़ से घबराहट होती है। वो इससे बचाव के उपाय बताएंगे। *

**प्रस्तुति: रिचा पांडेय**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**



हेल्थ एडवाइस

संध्या पांडेय
चीफ डाइटिशियन
मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम

हाल के वर्षों में अस्वास्थ्यकर जीवनशैली और गलत खान-पान के कारण वयस्कों से लेकर बच्चों में भी ओबेसिटी यानी मोटापे की समस्या बढ़ती जा रही है। असल में मोटापा कोई बीमारी नहीं है बल्कि यह एक ऐसी स्थिति है जो अनेक बीमारियों की आशंका बढ़ाती है। **वर्ल्ड ओबेसिटी डे (4 मार्च)** के अवसर पर आइए जानते हैं, मोटापे से संबंधित विभिन्न पहलुओं और इस पर नियंत्रण के बारे में।

# गुड हेल्थ के लिए है जरूरी ओबेसिटी को कंट्रोल करना





सारी दुनिया में ओबेसिटी एक बड़ी हेल्थ प्रॉब्लम के रूप में सामने आ रहा है। इसके प्रति अवेयर करने के लिए ही वर्ल्ड ओबेसिटी डे मनाया जाता है। इस बार इस दिवस की थीम है- 8 बिलियन रीजंस टू एक्ट ऑन ओबेसिटी। इस थीम का आशय है कि दुनिया की 8 अरब आबादी के लिए मोटापे के खिलाफ कार्रवाई करने के अनेक कारण हैं। हमें हर हाल में मोटापे के प्रति सचेत रहकर इसे नियंत्रित करना है।

## कैसे तय होता है मोटापा

मोटापे के आकलन की सबसे प्रमुख विधि बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) है। कमर की माप से भी मोटापे का अंदाजा लगाया जा सकता है, लेकिन मान्य और प्रचलित विधि बीएमआई ही है। बीएमआई की गणना के लिए पहले किसी व्यक्ति के वजन को किलोग्राम में मापा जाता है और फिर उसे उसकी लंबाई (मीटर वर्ग) से विभाजित किया जाता है। सामान्य यानी स्वस्थ वजन वाले व्यक्ति का बीएमआई वैल्यू 23 से कम होना चाहिए। महिलाओं में कमर का घेरा 80 सेंटीमीटर से कम और पुरुषों में 90 सेंटीमीटर से कम होना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को बीएमआई के संदर्भ में अपने डॉक्टर या फिर डाइटिशियन से परामर्श लेना बेहतर रहेगा।

## हो सकती है ये समस्याएं

मोटापे से ग्रस्त लोगों में उच्च रक्त चाप (हाई ब्लड प्रेशर), हृदय की बीमारियां, डायबिटीज टाइप 2, स्ट्रोक, अर्थराइटिस, सोते समय खर्राटे भरना या स्लीप एप्निया जैसी समस्याओं के होने का जोखिम कहीं ज्यादा बढ़ जाता है। मोटापे से ग्रस्त गर्भवती महिलाओं में अत्यधिक वजन के बढ़ने से उनके गर्भस्थ शिशु को भी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसके अलावा जो लोग पहले से ही उपरोक्त बीमारियों से ग्रस्त हैं, उन्हें अपने वजन नियंत्रण पर डॉक्टर से परामर्श लेकर विशेष ध्यान देना चाहिए, तभी वे उपरोक्त समस्याओं को नियंत्रित कर सकते हैं। इसके अलावा जो नवयुवक या नवयुवतियां अत्यधिक मोटापे से ग्रस्त हैं, उनके अंदर कुछ मनोवैज्ञानिक समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। जैसे वे शारीरिक रूप से हीनता ग्रंथि के शिकार हो सकते हैं। उन्हें लोगों से मिलने-जुलने में अच्छा महसूस नहीं होता। यही नहीं, मोटापा और बांझपन (इनफर्टिलिटी) के बीच एक गहरा संबंध है। अधिक वजन और मोटापा महिलाओं और पुरुषों दोनों में प्रजनन क्षमता को प्रभावित कर सकता है।



## ओबेसिटी के प्रमुख कारण

- जो लोग नियमित रूप से व्यायाम नहीं करते या कम शारीरिक श्रम करते हैं, उनके मोटे होने की संभावना बढ़ जाती है। मोटापे के अधिकांश मामलों में एक व्यक्ति जितनी कैलोरी बर्न करता है, उससे बहुत अधिक कैलोरी ग्रहण करता है। शरीर द्वारा इस्तेमाल न की जाने वाली कैलोरी वसा के रूप में संचित हो जाती है।
- लगभग हर दिन अत्यधिक चिकनाई युक्त आहार ग्रहण करना या फिर अकसर जंक फूड्स लेना कालांतर में मोटापे से ग्रस्त कर देता है। इसके अतिरिक्त जो लोग अपने खान-पान में फलों और सब्जियों को वरीयता नहीं देते हैं, वे भी मोटापे से ग्रस्त हो सकते हैं।
- अकसर तनावग्रस्त रहना कालांतर में मोटापे का कारण बन सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि तनाव से शरीर में हार्मोन असंतुलित हो जाते हैं। हार्मोंस के असंतुलन की स्थिति से भी मोटापा बढ़ सकता है।
- वंशानुगत कारण से भी मोटापा बढ़ सकता है। जैसे अगर मां-बाप अपने जीवन काल में मोटापे की समस्या से ग्रस्त हैं तो उनकी संतानों में भी मोटापा बढ़ने की आशंका काफी ज्यादा होती है।
- थायरॉइड ग्रंथि के विकार या असंतुलन से भी मोटापा बढ़ने की काफी आशंका रहती है।

## कब लें डॉक्टर से परामर्श

जिन लोगों का वजन बीएमआई के मानकों से परे जाकर बढ़ता जा रहा है या जो लोग पहले से ही मोटापे से ग्रस्त हैं, उन्हें अपने डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। डॉक्टर आपको अपनी जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन करने और स्वास्थ्यकर खान-पान के संदर्भ में समुचित जानकारी देंगे। इस संदर्भ में डॉक्टर आपसे कुछ सवाल भी पूछ सकते हैं। जैसे आप डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर अन्य किसी रोग से पीड़ित तो नहीं हैं, फिलहाल आप क्या दवाएं ले रहे हैं, शराब या धूम्रपान के तलबगार तो नहीं हैं। आप कितनी देर तक व्यायाम या शारीरिक गतिविधियों में भाग लेते हैं? इसके अलावा डॉक्टर आपकी बीएमआई भी चेक कर सकते हैं और अगर आपको कोई बीमारी है तो उससे संबंधित जांच भी करवा सकते हैं। डॉक्टर आपको डाइटिशियन के पास भी रेफर कर सकते हैं और इस संदर्भ में व्यायाम या योगासन के लिए किसी विशेषज्ञ को भी रेफर कर सकते हैं। अत्यधिक मोटापाग्रस्त होने की स्थिति में वे आपको बैरियाट्रिक सर्जन से परामर्श लेने की भी राय भी दे सकते हैं।

### मोटापे का सर्जिकल इलाज



**बैरियाट्रिक सर्जरी** एक प्रकार की सर्जरी है, जिसका उद्देश्य अत्यधिक मोटापे का इलाज करना है। यह सर्जरी विशेष रूप से उन व्यक्तियों के लिए होती है, जिनका बीएमआई 40 या उससे अधिक होता है, या जिनका बीएमआई 35-39.9 होता है और उन्हें मोटापे से संबंधित गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं, जैसे कि डायबिटीज, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप आदि। इसके अलावा यदि किसी व्यक्ति ने आहार और व्यायाम के माध्यम से वजन घटाने की कोशिश की है, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली, तो बैरियाट्रिक सर्जरी का विकल्प दिया जा सकता है।

## मोटापा कम करने वाली दवाएं

इस संदर्भ में महत्वपूर्ण बात यह है कि मोटापा कम करने वाली दवाओं का सेवन अपने डॉक्टर से परामर्श लिए बगैर नहीं करना चाहिए। अत्यधिक मोटापा (मॉर्बिड ओबेसिटी) को नियंत्रण करने में दवाओं का एक सीमित योगदान है। ये दवाइयां डॉक्टर की निगरानी में ली जाती हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि इनके साइड इफेक्ट भी होते हैं।

## इन बातों पर दें ध्यान


- डॉक्टर या डाइटिशियन से परामर्श लेकर अपनी शारीरिक स्थिति और मेडिकल कंडीशन के अनुसार खान-पान का एक चार्ट बनवा लें और फिर उस पर अमल करें।
- मोटे अनाज या मिलेट्स वजन को नियंत्रित करने में सहायक हैं।
- अत्यधिक चिकनाईयुक्त खाद्य पदार्थों से परहेज करें।
- नियमित रूप से व्यायाम करें, लेकिन इस संदर्भ में याद रखें कि प्रत्येक व्यक्ति की उम्र और उसकी मेडिकल कंडीशन के अनुसार ही व्यायाम और उसका समय निर्धारित किया जाता है। इसलिए इस संदर्भ में फिटनेस एक्सपर्ट से परामर्श जरूर लें।
- जीवन के प्रति सकारात्मक सोच रखें और तनाव को स्वयं पर हावी न होने दें। ऐसा इसलिए क्योंकि तनाव से भी मोटापा या वजन बढ़ सकता है। तनाव को नियंत्रित करने के लिए मेडिटेशन करें।
- खाना खाते समय टीवी या मोबाइल न देखें, इससे आप ओवरईटिंग से बचे रहेंगे, जो ओबेसिटी बढ़ाने का मुख्य कारण है।
- नमक, शुगर और प्रोसेस्ड फूड्स का कम से कम सेवन करें। *

**प्रस्तुति: विवेक शुक्ला**

प्रिकॉशन

यह सही है कि होली उल्लास-उमंग का पर्व है। लेकिन इसे मनाते हुए भी अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। खासतौर पर अस्थमा, हाई बीपी और डायबिटीज पेशेंट्स, अगर यहां बताए जा रहे सुझावों को अमल में लाएंगे तो उनकी तबियत नहीं बिगड़ेगी।

# होली सेलिब्रेशन में बरतें सावधानी अस्थमा-बीपी-डायबिटीज पेशेंट्स

रंगों का त्योहार होली खुशियां और उमंग लेकर आता है, लेकिन अस्थमा, हाई ब्लड प्रेशर (बीपी) और डायबिटीज के मरीजों के लिए यह त्योहार और इन दिनों का मौसम कुछ अतिरिक्त सावधानियां बरतने की मांग करता है। हल्की सी लापरवाही उनके स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकती है, इसलिए त्योहार का आनंद लेते हुए स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना जरूरी है।

## अस्थमा पेशेंट्स के लिए यूजफुल सजेशंस

श्वास संबंधी रोगी होली खेलते समय किन बातों का ध्यान रखें इस बारे में रीजेंसी हॉस्पिटल, गोरखपुर में कंसल्टेंट-पल्मनोलॉजी, **डॉ. आमिर नदीम** कहते हैं, 'होली पर उड़ने वाला गुलाल, धूल, धुआं और केमिकल युक्त रंग सांस के मरीजों के लिए गंभीर परेशानी पैदा कर सकते हैं। इन कणों के संपर्क में आने से सांस की नलियों में सूजन बढ़ सकती है और अस्थमा अटैक का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए अस्थमा मरीजों को कोशिश करनी चाहिए कि वे भीड़-भाड़ वाली जगहों और तेज धूल-धुएं से दूर रहें। होली खेलने के लिए केमिकल वाले गहरे रंगों की जगह फूलों से बने या हर्बल रंगों का इस्तेमाल ज्यादा सुरक्षित विकल्प है। घर से बाहर निकलते समय अच्छी क्वालिटी का मास्क जरूर पहनें, ताकि धूल और रंग सीधे श्वास नली में न जाएं। अपना रेस्क्यू इनहेलर और नियमित दवाएं हमेशा साथ रखें और दवा समय पर लेते रहें। जिन लोगों को परागकणों (पोलेन ग्रेंस) से एलर्जी है, वे खुले पार्क या बगीचों में खेलने से बचें। होली खेलने के बाद तुरंत स्नान कर लें और कपड़े बदल लें, ताकि त्वचा और बालों पर जमे कण सांस के जरिए अंदर न जाएं। अगर सांस फूलना, सीने में जकड़न, सीटी जैसी आवाज के साथ सांस आना या तेज खांसी की समस्या बढ़े तो इसे नजरअंदाज न करें और तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।'

## बीपी पेशेंट्स बरतें ये सावधानियां

होली जैसे पर्व को सेलिब्रेट करते समय बीपी पेशेंट्स को भी सावधानी बरतनी चाहिए। इस बारे में अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली के सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन, **डॉ. संचयन रॉय** सलाह देते हैं, 'होली के दौरान खान-पान और उत्साह बढ़ने से हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों की परेशानी बढ़ सकती है। ज्यादा नमकीन, तला-भुना और मसालेदार भोजन ब्लड प्रेशर को बढ़ा सकता है, इसलिए हल्का और संतुलित आहार लें और नमक का सेवन सीमित रखें। तेज डीजे और अत्यधिक शोर भी तनाव बढ़ाकर बीपी पर असर डाल सकता है, इसलिए शांत माहौल में रहें। अपनी नियमित दवाएं समय पर लें और पर्याप्त पानी पिएं, क्योंकि डिहाइड्रेशन से भी बीपी असंतुलित हो सकता है। कोशिश करें कि पर्याप्त नींद लें और अत्यधिक थकान से बचें। दिन में एक बार बीपी मॉनिटर कर लेना भी फायदेमंद रहता है। अगर चक्कर, तेज सिरदर्द, घबराहट या धुंधला दिखने जैसे लक्षण महसूस हों तो तुरंत आराम करें और जरूरत पड़ने पर डॉक्टर से सलाह लें।'



## डायबिटीज पेशेंट्स रखें इन बातों का ध्यान

होली के मौके पर डाइट में लापरवाही बरतने से डायबिटिक पेशेंट्स की तबियत बिगड़ सकती है। इससे बचाव के लिए श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टिट्यूट, दिल्ली के सीनियर कंसल्टेंट-एंडोक्राइनोलॉजी, **डॉ. साकेत कांत** सजेस्ट करते हैं, 'होली पर गुझिया, मिठाई और ठंडाई का काफी लोग सेवन करते हैं। लेकिन डायबिटीज मरीजों को मीठे का सेवन बहुत सीमित मात्रा में और सोच-समझकर करना चाहिए। कोशिश करें कि खाली पेट मीठा न खाएं और पहले सलाद, दाल या प्रोटीन युक्त हल्का भोजन लें, ताकि शुगर अचानक न बढ़े। दिन में नियमित रूप से ब्लड शुगर लेवल की जांच करते रहें और डॉक्टर द्वारा बताई गई दवा या इंसुलिन समय पर लें। ज्यादा देर धूप में रहने, भाग-दौड़ या अनियमित खान-पान से भी शुगर लेवल ऊपर-नीचे हो सकता है। इसलिए समय पर भोजन करें और लंबा गैप न रखें। शरीर को हाइड्रेट रखना भी जरूरी है, क्योंकि डिहाइड्रेशन से शुगर असंतुलित हो सकती है। पर्याप्त पानी, छाछ या बिना शक्कर वाले पेय ही लें। *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

### इन बातों पर भी करें अमल

होली के दौरान कुछ सामान्य सावधानियां बरतना सभी के लिए जरूरी है, इससे आप हेल्थ प्रॉब्लम्स से बचे रहेंगे।

- हमेशा हर्बल और स्किन-फ्रेंडली रंगों का ही उपयोग करें।
- शरीर को डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए पर्याप्त पानी और तरल पदार्थ लेते रहें।
- भीड़-भाड़, धूल और धुएं वाली जगहों से दूरी बनाए रखें तथा किसी भी असामान्य लक्षण जैसे सांस लेने में दिक्कत, चक्कर, घबराहट या शुगर लेवल में उतार-चढ़ाव को नजरअंदाज न करें।

अवेयरनेस

डॉ. माजिद अलीम

आमतौर पर हम लोग जिन रोगों के बारे में जानते हैं, उनके अलावा भी हजारों रोग ऐसे हैं, जिन्हें दुर्लभ माना जाता है। दुनिया भर में करोड़ों लोग इनसे ग्रसित हैं। इनके बारे में सभी को पता होना चाहिए।

# दुर्लभ रोग सजगता के साथ संवेदनशीलता भी है जरूरी



हर साल 28 फरवरी को और लीप ईयर में 29 फरवरी को दुनिया भर में दुर्लभ रोग दिवस मनाया जाता है। यह तारीख साल की सबसे दुर्लभ तारीख का प्रतीक है ताकि ये याद दिलाया जा सके कि कुछ बीमारियां इतनी कम दिखती हैं कि वे समाज, चिकित्सा व्यवस्था और नीति निर्माताओं की नजर से भी ओझल रह जाती हैं। दरअसल, दुर्लभ रोग उन रोगों को कहते हैं, जो दुनिया के बहुत कम लोगों को होते हैं। लेकिन जिनका असर जीवन पर बेहद गहरा और अकसर आजीवन होता है। विडंबना यह है कि संख्या में कम होने के बावजूद दुर्लभ रोगों से पीड़ित लोगों की सामूहिक संख्या दुनिया भर में करोड़ों में है। शायद इसीलिए हर साल 28 या 29 फरवरी को यह महत्वपूर्ण दिवस मनाया जाता है ताकि लोग दुर्लभ कही जाने वाली बीमारियों को लेकर सजग रहें।

**ऐसे होते हैं दुर्लभ रोग:** भारत में आमतौर पर दुर्लभ रोग उन्हें माना जाता है, जो दस हजार में से किसी एक व्यक्ति को या उससे भी कम लोगों को होते हैं। लेकिन ये रोग भले कम लोगों को होते हों, मगर इन रोगों की कम संख्या नहीं है। अब तक दुनिया में 7 हजार से ज्यादा ऐसे रोग चिन्हित किए जा चुके हैं, जिन्हें दुर्लभ रोग कहा जा सकता है। जैसे- प्रोजेरिया, फेनकोनी एनीमिया आदि। इनमें से अधिकांश रोग आनुवांशिक या जेनेटिक होते हैं यानी ये जन्म से जुड़े होते हैं। इन रोगों की सबसे बड़ी समस्या यह है कि इनके लक्षण जो सामान्य बीमारियों जैसे ही दिखते हैं, लेकिन ये सामान्य बीमारियां नहीं होती हैं। यही कारण है कि इनके निदान में वर्षों लग जाते हैं और हां, इनका इलाज भी बहुत महंगा होता है या कोई इलाज ही नहीं उपलब्ध होता है।

**पूरा जीवन होता है प्रभावित:** दुर्लभ रोग किसी एक अंग या समस्या तक सीमित नहीं होते हैं। वे व्यक्ति की पूरी जीवन यात्रा को प्रभावित करते हैं। शिक्षा, रोजगार, विवाह, सामाजिक स्थिति और स्वीकार्यता जैसे सभी सामाजिक पहलुओं पर इस दुर्लभ रोग का बहुत जबर्दस्त प्रभाव पड़ता है।

**स्वास्थ्य सजगता का महत्व:** दुर्लभ रोग दिवस मनाने का सबसे बड़ा उद्देश्य, लोगों को इनके बारे में जागरूक करना है। डॉक्टरों में, समाज में और सरकारों में, दुर्लभ रोगों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना है। जागरूकता बढ़ने से सबसे बड़ा लाभ यह होता है कि डॉक्टर शुरुआती लक्षणों को गंभीरता से लेते हैं और इसके निदान में लगने वाले वर्षों को कम करके महीनों में बदल देते हैं। लेकिन ऐसा तब होता है, जब सरकारें दवाओं, रिसर्च और सहायता योजनाओं के बजट तय करती हैं और लोगों को इनकी दहशत से मुक्ति दिलाती हैं। यह दिवस बताता है कि स्वास्थ्य की गंभीर समस्याओं के लिए हेल्थ एक्सपर्ट्स चिंतित हैं और पीड़ित लोगों के साथ हैं। इसलिए दुर्लभ रोगों के संबंध में बीमार को समय रहते जानकारी मिलना जरूरी है कि वह आखिर किस रोग से पीड़ित है और क्या यह उसकी पिछली पीढ़ियों से चला आ रहा रोग है? अगर ऐसा होता है तो कोशिश की जाती है कि आने वाली पीढ़ियां इन विशेष रोगों से पीड़ित न हों।

**अपने देश में भी है बड़ी चुनौती:** यूं तो पूरी दुनिया के लिए दुर्लभ रोग एक गंभीर समस्या हैं, लेकिन भारत के लिए भी यह विकट चुनौती हैं। अनुमान है कि देश में 7 से 9 करोड़ तक लोग किसी न किसी दुर्लभ रोग से पीड़ित हैं। विशेषकर ऐसे रोगों से पीड़ित लोगों के लिए सबसे बड़ी समस्या ग्रामीण क्षेत्र में होती है, जहां विशेषज्ञों की भारी कमी होती है और जांच सुविधाएं बहुत सीमित होती हैं। अधिकांश इलाज आम आदमी की सीमा से बाहर होता है यानी इलाज में खर्च आने वाला बजट आम आदमी के बस में नहीं होता। इसलिए हाल के वर्षों में सरकार ने राष्ट्रीय दुर्लभ रोग नीति बनाई है। लेकिन यह बात भी सही है कि इस दिशा में पर्याप्त कदम उठाने के लिए अभी काफी प्रयासों और संसाधनों की जरूरत है।

**दुर्लभ रोगों में समाज की भूमिका:** दुर्लभ रोग दिवस हमें सोचने पर मजबूर करता है कि सभी तरह की बीमारियों से छुटकारा पाना केवल अस्पताल के जरिए संभव नहीं है। सामाजिक जागरूकता भी जरूरी है। *

## ओरल कैंसर का सबसे बड़ा कारण तंबाकू का सेवन, करीब 60-70 प्रतिशत मरीज एडवांस स्टेज में पहुंचते हैं अस्पताल

# ओरल कैंसर से बचाव के लिए जागरूकता और समय पर जांच सबसे बड़ी ताकतः डा. शिल्पी

- कैंसर मुंह के किसी भी हिस्से में विकसित हो सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

ओरल कैंसर आज भारत में सबसे आम और गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। यह काफी हद तक रोका जा सकता है और अगर समय पर पहचान हो जाए तो इसका सफल इलाज भी संभव है। फिर भी, देर से पहचान और जागरूकता की कमी के कारण यह कैंसर से होने वाली मौतों का एक बड़ा कारण बना हुआ है। ओरल कैंसर मुंह के किसी भी हिस्से में विकसित हो सकता है। इसमें होंठ, जीभ, मुंह का फर्श (जीभ और निचले जबड़े की हड्डी के बीच का हिस्सा), गालों का अंदरूनी भाग, ऊपरी और निचले जबड़े की हड्डियां, ऊपरी तालु और रेट्रोमोलर ट्राइगोन यानि आखिरी दाढ़ के पीछे स्थित त्रिकोणीय क्षेत्र शामिल है। ओरल कैंसर में ऐसे संकेत जिन्हें नजर अंदाज नहीं करना चाहिए, जिनमें मुंह का न भरने वाला घाव, लाल या सफेद धब्बे, बिना कारण बढ़ने वाली गांठ जो छूने पर खून करे, दांतों का अचानक हिलना, डेंचर का फिट न होना, खाने या निगलने में कठिनाई, बोलने में बदलाव, लगातार गले में दर्द जो कान तक पहुंचे, गर्दन में सूजन या चेहरे पर बिना कारण घाव शामिल हैं। यदि कोई भी लक्षण दो सप्ताह से अधिक समय तक बना रहे तो तुरंत डॉ. से जांच करानी चाहिए। ल्यूकोप्लाकिया मुंह के अंदर सफेद धब्बे के रूप में दिखाई देता है और अक्सर तंबाकू सेवन करने वालों में पाया जाता है। एरिथ्रोप्लाकिया लाल धब्बे के रूप में दिखता है और इसमें कैंसर में बदलने का खतरा और अधिक होता है। ओरल कैंसर की पहचान सबसे पहले ऑन्कोलॉजिस्ट द्वारा की गई पूरी क्लिनिकल जांच से शुरू होती है। यदि संदेह होता है तो बायोप्सी की जाती है, जिससे कैंसर की पुष्टि और उसके प्रकार की जानकारी मिलती है। सीटी स्कैन, एमआरआई या पीईटी-सीटी जैसी इमेजिंग जांच से यह पता लगाया जाता है कि ट्यूमर कितना फैला है और क्या यह आसपास के टिश्यू या लिंफ नोड्स तक पहुंच चुका है। क्लिनिकल और रेडियोलॉजिकल जांच के आधार पर कैंसर को अर्ली स्टेज या एडवांस स्टेज में वर्गीकृत किया जाता है।

### ओरल कैंसर भारत में पुरुषों में सबसे आम

एक निजी अस्पताल के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग की एसोसिएट डायरेक्टर व यूनिट हेड डा. शिल्पी शर्मा ने बताया कि ओरल कैंसर भारत में पुरुषों में सबसे आम कैंसर है और महिलाओं में चौथा सबसे आम कैंसर है। देश के कुछ क्षेत्रों में यह महिलाओं में भी प्रमुख कैंसरों में से एक है। हर साल लगभग एक लाख नए मामले सामने आते हैं। दुर्भाग्य से लगभग 60-70 प्रतिशत मरीज एडवांस स्टेज में अस्पताल पहुंचते हैं, जिससे जीवित रहने की संभावना काफी कम हो जाती है। ओरल कैंसर का सबसे बड़ा कारण तंबाकू का सेवन है। डा. शिल्पी ने बताया कि समय पर पहचान जीवन बचाने में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।


रेवाड़ी। डा. शिल्पी शर्मा।

## खबर संक्षेप

### कल सुनीं जाएंगी बिजली संबंधित समस्याएं

**नारनौल।** कार्यकारी अभियंता कार्यालय दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण में शुक्रवार को प्रातः 10 से 11 बजे तक बिलिंग से संबंधित सीजीआरएफ शिकायतें सुनी जाएगी। जिसमें कोई भी आमजन प्रार्थना पत्र व बिल की कॉपी देकर बिल संबंधी पक्ष रख सकता है।

### कांटी में जिला स्तरीय किसान मेला कल

**मंडी अटेली।** उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. मनमीत यादव व खण्ड कृषि अधिकारी डॉ. रजनीश कुमार ने बताया कि 27 फरवरी को गांव कांटी में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से जिला स्तरीय किसान मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कृषि विभाग के सभी अधिकारी, कृषि विज्ञान केन्द्र महेन्द्रगढ़ से वैज्ञानिक, बागवानी विभाग के बारे जानकारी देंगे।



### कनीना में हनुमान जी का भंडारा दो को

**कनीना।** हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में दोअप्रैल को 132 केवी पावर ग्रिड सब स्टेशन प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। निगम के जेई रामरतन शर्मा ने बताया कि इससे पूर्व एक अप्रैल रात्रि को जागरण होगा। अगले दिन दो अप्रैल सुबह सवा आठ बजे हवन होगा। इसके बाद सवा 10 बजे भंडारा प्रारंभ होगा।

### कनीना में मोलड़नाथ का मेला कल

**कनीना।** कनीना में 27 फरवरी को आयोजित होने वाले बाबा मोलड़नाथ के धार्मिक मेले की तैयारियां जारी हैं। हरियाणा राज्य परिवहन विभाग के पूर्व अधिकारी सुरेश यादव ने बताया कि मेले में अनेक भंडारे लगाए जाते हैं। वहीं उंट व घोड़ी दौड मुख्य आकर्षण होता है। सुभाष यादव व सूबेदार रणवीर सिंह ने बताया कि बाबा मोलड़नाथ की 75वीं स्मृति में फाल्गुन सुदी एकादशी को आयोजित होने वाले मेले में खेलकूद प्रतियोगिता सहित रात्रि जागरण किया जाएगा। 26 फरवरी रात्रि आठ बजे से फुटबॉल मैदान में जागरण होगा।

## आठ मार्च को सैनी सभा परिसर में होंगे कॉलेजियम चुनाव

# सैनी सभा कॉलेजियम चुनाव : 108 निर्विरोध सहमति नहीं बनने पर 47 वार्डों में होंगे चुनाव

**त्रिवार्षिक चुनाव में पहले होंगे कॉलेजियम चुनाव, इसके बाद कॉलेजियम के वोट से चुने जाएंगे प्रधान सहित कार्यकारिणी सदस्य**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर की सबसे बड़ी सामाजिक संस्था सैनी सभा (रजि.) के त्रिवार्षिक चुनाव की प्रक्रिया शुरू है। बुधवार को नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि थी। इस प्रक्रिया को पूरा करने के बाद अब स्थिति साफ हो गई है। सभा के 155 कॉलेजियम वार्ड में पहले ही 91 वार्ड ऐसे थे, जहां से एक-एक आवेदन ही आया था। ऐसे में इन 91 वार्ड से निर्विरोध कॉलेजियम बन गए है। इनके अलावा 64 वार्ड ऐसे थे जहां एक से अधिक यानि कुल 139 नामांकन जमा हुए थे। इन जमा नामाकंनों को विड्रा करने की बुधवार शाम पांच बजे तक अंतिम समय सीमा थी। इस तय समय सीमा के बाद यह तस्वीर सामने आई है कि 139 में से 23 नामांकन वापस हुए। इस वजह से 64 वार्ड में से 17 वार्ड में निर्विरोध कॉलेजियम ओर चुने गए है। इस तरह कुल 108 वार्ड से निर्विरोध कॉलेजियम बन गए है। अब 155 में से 108 को छोड़ दे तो बाकी 47 वार्डों पर सहमति नहीं बनने पर चुनाव होंगे। इन 47 वार्ड के उम्मीदवारों को 26 व 27 फरवरी को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। इसके बाद चुनाव आठ मार्च को सैनी सभा परिसर में करवाएं जाएंगे। इस चुनावी प्रक्रिया में चुनाव अधिकारी संदीप सैनी एडवोकेट, उप चुनाव अधिकारी सुरेंद्र सैनी व आर्ब्जवर रोशनलाल सैनी जुटे हुए है।



नारनौल। चुनाव कार्यालय में चुनावी प्रक्रिया करते चुनावी टीम। फोटो : हरिभूमि

### इन 47 वार्ड में होगा चुनाव

*वार्ड नंबर 6, 14, 16, 23, 26, 27, 39, 41, 46, 51, 62, 63, 65, 70, 71, 72, 74, 75, 77, 79, 81, 84, 85, 87, 88, 90, 91, 92, 95, 102, 105, 108, 117, 120, 122, 123, 128, 134, 136, 137, 138, 140, 143, 152, 153, 154 और 155 है। इन वार्डों में कॉलेजियम सदस्य बनने के लिए उम्मीदवारों के बीच चुनाव होगा।*

### यह चुने गए 108 निर्विरोध कॉलेजियम सदस्य

*चुनावी प्रक्रिया में पहले 91 ऐसे वार्ड थे जहां हर वार्ड से एक ही नामांकन किया गया। उनमें वार्ड नंबर 1 से आशीष सैनी, 3 से सुरेंद्र कुमार, 4 से नेहा, 7 से कमलसिंह, 8 से प्रवीण कुमार, 10 से दिनेश कुमार, 11 से प्रवीण सैनी, 12 से विनोद कुमार, 13 से फूलचंद, 15 से अनिल कुमार, 17 से रिंकी सैनी, 19 से विजय कुमार, 20 से मानसिंह, 22 से दलीप कुमार, 24 से कृष्ण, 28 से अजय कुमार, 29 से मनमोहन सैनी, 30 से भीमसिंह, 31 से पूजा, 32 से विशाल सैनी, 33 से सुमित, 34 से ओमप्रकाश, 35 से विकास, 36 से हरिश कुमार, 37 से ईश्वर सिंह, 38 से ज्योति, 40 से बिमला देवी, 42 से रामनिवास, 43 से तोताराम, 44 से बाबूलाल, 45 से देवेंद्र सिंह, 47 से मीना देवी, 48 से मूलचंद, 49 से संजय, 50 से शिवचरण, 52 से ओमप्रकाश, 53 से रमेश कुमार, 54 से सुबेसिंह, 56 से विक्रम, 57 से मुंशीराम, 58 से नरेश कुमार, 59 से देवेंद्र कुमार, 60 से रजनी, 61 से होशियार सिंह, 64 से यादराम, 66 से पवन, 67 से मानसिंह, 68 से महेंद्र, 69 से अमरसिंह, 73 से प्रीतम सिंह, 82 से लक्ष्मण सैनी, 83 से ललित, 86 से भगवानदास, 89 से राजकुमार, 93 से ओमप्रकाश, 94 से अशोक कुमार, 96 से घनश्याम, 97 से सुनील, 98 से मुकेश कुमार, 99 से प्रदीप कुमार, 100 से बलवंत सिंह, 103 से कमल कुमार, 104 से सुखदेव, 106 से शकुंतला, 111 से ललित सैनी, 112 से पुष्पा, 113 से श्यामलाल, 115 से हरिश सैनी, 116 से मुकेश, 118 से रामजीलाल, 119 से रामनरेश, 121 से मुकेश कुमार, 124 से विकास सैनी, 125 से निरंजन, 126 से प्रीतम, 127 से जयसिंह, 129 से मदनलाल, 132 से दुलीचंद, 133 से पूनम, 135 से धर्मेंद्र, 139 से शिव कुमार, 141 से योगेंद्र सैनी, 142 से राजकुमार, 144 से रोहताश सैनी, 145 से नवीन कुमार, 146 से दिनेश, 147 से सुखीराम, 148 से नरेश कुमार, 149 से सतीश सैनी, 150 से सुभाषचंद व 151 से अरूण कुमार शामिल है। इसके अलावा 17 वार्ड वह है जहां से नामांकन वापस लेने के बाद एक ही नामांकन बच गया। इस हिसाब से वह भी निर्विरोध कॉलेजियम सदस्य बने है। इनमें वार्ड नंबर 2 से मदनलाल, 5 से निरंजनलाल, 9 से सुमेश, 18 से बंशीलाल, 21 से पिंकी, 25 से महेंद्र, 55 से कन्हैयालाल, 76 से बलवंत सिंह, 78 से प्रवीण सैनी, 80 से सुनीता, 101 से लालचंद, 107 से रेणु, 109 से प्रेमचंद, 110 से लालचंद, 114 से निहालसिंह, 130 से मोहरसिंह और 131 से मनीष कॉलेजियम सदस्य चुने गए है।*


महेंद्रगढ़। शहर में कुत्ते पकड़ते एजेंसी कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## पुलिस की बड़ी कार्रवाई: स्कॉर्पियो चुराने वाला शातिर चोर सीआईए के हत्थे चढ़ा

# अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का किया पर्दाफाश, आरोपित पर 67 एफआईआर

**चोरी करने के उपकरणों सहित वारदात में इस्तेमाल गाड़ी व चोरी की गाड़ी बरामद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

सीआईए टीम ने वाहन चोरी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक शातिर व आदतन अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। गिरफ्तार किए गए आरोपित की पहचान भिवानी जिला के गांव बीरण वासी पवन के रूप में हुई। जिससे रिमांड के दौरान सख्त से पूछताछ की गई।

डीएसपी भारत भूषण ने प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस जांच में यह बात सामने आई कि आरोपित एक आदतन अपराधी है और इसके खिलाफ पहले भी चोरी के कई मामले दर्ज हैं। सीआईए की टीम ने इस चोरी की वारदात को अंजाम देने में प्रयोग की गई गाड़ी को भी बरामद कर लिया है। जांच में खुलासा हुआ कि वारदात में प्रयोग की गई गाड़ी साउथ रोहिणी दिल्ली से चोरी की हुई थी। इसके साथ ही पुलिस ने उस गाड़ी के अंदर से वाहन चुराने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले औजार व अन्य जरूरी उपकरण भी बरामद कर जब्त किए हैं।

आरोपित से पूछताछ में शहर क्षेत्र से चोरी की हुई स्कॉर्पियो गाड़ी भी बरामद की है। आरोपित के खिलाफ हरियाण, पंजाब व अन्य राज्यों में करीब 67 मामले दर्ज हैं। जिनमें से अधिकतर चोरी के मामले हैं। इसके अतिरिक्त तीन नम्बर प्लेट भी बरामद की हैं। इसके साथ ही गाड़ी चोरी करने में प्रयोग किए जाने वाले चाबीपाना टूल, स्कैनर टूल आई पैड, ऑन टूल्स ओबीडीआई फ्यूज डायनोस्टिक स्कैनर, डॉप्टर केबल आदि बरामद किए गए हैं। वहीं टीम ने छह एंटेना असेंबली इमोबिलाइजर व दो चाबी भी बरामद की हैं। इसके अतिरिक्त तीन गाड़ियों के पांच ईसीएम भी बरामद किए गए हैं। जिन गाड़ियों के ईसीएम बरामद किए हैं, ये गाड़ियां राजस्थान व जम्मू कश्मीर की थी। पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है।



नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटो : हरिभूमि

### नारनौल से चोरी की थी स्कॉर्पियो गाड़ी

थाना शहर में शिकायतकर्ता विकास निवासी हुडा सेक्टर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 17-18 फरवरी की रात करीब 1:15 बजे उसने अपनी नई स्कॉर्पियो गाड़ी अपने घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह करीब सात बजे उठकर देखने पर गाड़ी वहां से गायब मिली, जिसे अज्ञात चोरों ने चुरा लिया। इस शिकायत पर संज्ञान लेते हुए थाना शहर में भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी। मामले में सीआईए की टीम ने गुप्त सूचनाओं व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपित पवन को गिरफ्तार कर लिया और न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान आरोपित से सख्ती से पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपित से दो गाड़ी व सामान बरामद कर जब्त किया है।

## आवारा कुत्ते पकड़ने का अभियान शुरू

# दो दिन में एजेंसी ने पकड़े 39 आवारा कुत्ते

**पकड़े गए कुत्तों को मोहल्ला सैनीपुरा स्थित सामुदायिक केंद्र में बनाए शेल्टर होम में छोड़ा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

नगर पालिका द्वारा शहर में कुत्तों की समस्या को खत्म करने के लिए नगर पालिका की ओर से कुत्ते पकड़ने का अभियान शुरू कर दिया गया है। एजेंसी की ओर से दो दिन के अंदर 39 आवारे कुत्ते पकड़ लिए गए हैं। यह अभियान सफाई दरोगा रिंकू उर्फ सुमित की देखरेख में चलाया जा रहा हैं। एजेंसी द्वारा कुत्तों को पकड़कर सैनीपुरा मोहल्ला स्थित सामुदायिक केंद्र के शेल्टर होम में छोड़े जा रहें हैं। यहां पर कुत्तों का टीकाकरण किया जाएगा। नगर पालिका की ओर से एजेंसी को सात लाख रुपये का टेंडर अलॉट किया गया है। एजेंसी की ओर से 350 कुत्तों को पकड़कर शेल्टर हाउस में छोड़ा जाएगा। इनका टीकाकरण किया जाएगा। नपा चयनित एजेंसी को प्रति कुत्ते पर 1900 रुपये का भुगतान किया जाएगा।

### कुत्तों का कराया जा रहा टीकाकरण

यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और आमजन की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी। आवारा कुत्तों के हमलों की लगातार शिकायतों के बाद एक विशेष टीम का गठन किया गया है। पकड़े गए कुत्तों का टीकाकरण (वैक्सीनेशन) कराया जा रहा है, ताकि कुत्तों के काटने से संक्रमण का खतरा न रहे। दो दिन के अंदर एजेंसी की ओर से 39 आवारा कुत्ते पकड़े जा चुके हैं। शहर वासियों को आवारा कुत्ते दिखे तो नगर पालिका को सूचित करें।

-रमेश सैनी, प्रधान नगर पालिका महेंद्रगढ़

## नियामतपुर मौरूंड में जिलास्तरीय किसान मेले का समापन

# सूक्ष्म सिंचाई से पानी की बचत और पैदावार में बढ़ोतरी संभव

- कृषि की आधुनिक तकनीक से जुड़ी 20 स्टालों पर किसानों ने किया ज्ञानोवर्धन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

नियामतपुर मौरूंड में विभाग के उप कृषि निदेशक डॉ. देवेंद्र कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय किसान मेले का आयोजन हुआ। जिसमें नांगल चौधरी के एसडीएम उमेद सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने किसानों को कम पानी में पकने वाली फसलों की बुवाई के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने पशुधन बढ़ाने पर जोर दिया, कहा कि इससे ग्रामीणों को रोजगार मिलेगा और जमीन को पौषक तत्वों से युक्त देशी खाद मिल सकेगी। जिससे विभिन्न फसलों की पैदावार बढ़ाने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि भूजल का अंधाधुंध दोहन होने से जल स्तर निरंतर गिर रहा है। नांगल चौधरी निजामपुर के अधिकतर गांवों में 2000 फीट तक भूजलस्रोत सूख गए, जिस कारण पेयजल संकट बना हुआ है। समाधान के लिए सरकार ने डॉर्कजोन घोषित कर दिया। जिसमें भूजल का व्यवसायिक इस्तेमाल नहीं कर सकते। किसानों की सुविधा के लिए सरकार सूक्ष्म सिंचाई परियोजना क्रियांवित की है, जिसके तहत गांवों में वाटर टैंकों का निर्माण स्वीकृत है। टैंकों में बरसाती पानी एकत्रित करने के साथ नहरों से जोड़ा गया है।


नांगल चौधरी। किसान मेले में विकसित कृषि पद्धति के स्टालों का निरीक्षण करते एसडीएम उमेद सिंह। फोटो : हरिभूमि

### नुकसान की भरपाई करेगी बीमा योजना

*ओलावृष्टि, सूखा और बाढ़ जैसी आपदाओं से फसलों को नुकसान की संभावना रहती है। बचाव के लिए सरकार ने फसल बीमा योजना क्रियाविंत की है। इसके लिए किसानों से निर्धारित प्रीमियम वसूली के बाद सुरक्षा कवच उपलब्ध कराया जाता है। केसीसी होल्डर किसानों को बैंकों में फसल बुवाई का अंडरटेक फार्म भरकर देना होगा। जिससे आपदा की स्थिति में फसल का निर्धारित मुआवजा मिल सके।*

# एक को होगा नई कार्यकारिणी का शपथ समारोह

**महेंद्रगढ़।** डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक समिति की कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन उपासिका प्रधान अमन देवी पत्नी सुंदर लाल जोरासिया की अध्यक्षता में भवन में हुई। बैठक में गहन विचार विमर्श कर आम सहमति से प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में एक मार्च को प्रातः 10 बजे शपथ समारोह डॉ. आंबेडकर भवन आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यातिथि मुख्य वक्ता डॉ. करुणाशील राहुल धम्म भूमि संस्थापक होंगे। जिसके लिए उपप्रधान, कोषाध्यक्ष सचिव, सहसचिव सभी कार्यकारिणी सदस्यों की ड्यूटी लगाई गई।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर उपप्रधान राजवीर सिंह, सचिव रोशनलाल, कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंह पूर्व मैनेजर, सहसचिव अर्जुनसिंह चोटीवाला, रोशनी देवी पूर्व सरपंच, थानेदार शेरसिंह चौहान, महेंद्र सिंह मांढिया, संतलाल खिंची, अनुप मालडा, अशीन गौत्तम, मा. ताराचंद, भूपसिंह ढाणी फोगाट, हरिसिंह कलोरिया, हरिसिंह बचीनी, थानेदार उमेद सिंह, हैड मास्टर बीर सिंह, मैनपाल सुरेहती पिलानिया, नरेश कुमार, अमरसिंह बेरी आदि उपस्थित रहे।

# एक मार्च से 15 जोड़ी ट्रेनों में बढ़ेंगे 45 डिब्बे यात्रियों को एक महीने तक मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए रेवाड़ी रेलमार्ग से गुजरने वाली 15 जोड़ी ट्रेनों में विभिन्न श्रेणी के 45 डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि ट्रेनों के डिब्बों में बढ़ोतरी एक मार्च से की जाएगी। उन्होंने बताया कि गाड़ी संख्या 22471/22472 लालगढ़-दिल्ली सराय-लालगढ़ रेलसेवा में लालगढ़ से 1 मार्च से 31 मार्च तक तथा दिल्ली सराय से 3 मार्च से 2 अप्रैल 2 द्वितीय शयनयान श्रेणी डब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। गाड़ी संख्या 20473/20474 दिल्ली सराय-उदयपुर सिटी-दिल्ली सराय रेलसेवा में दिल्ली सराय से 1 मार्च से 31 मार्च तक तथा उदयपुर सिटी से 2 मार्च से 1 अप्रैल तक 2 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 19611/19614 अजमेर-अमृतसर-अजमेर रेलसेवा में अजमेर से 2 से 30 मार्च तक तथा अमृतसर से 3 मार्च से 31 मार्च तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 19613/19612 अजमेर-अमृतसर-अजमेर रेलसेवा में अजमेर से 2 से 30 मार्च तक तथा अमृतसर से 3 से 31 मार्च तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 12065/12066 सराय अजमेर-दिल्ली रोहिल्ला-अजमेर जन शताब्दी रेलसेवा में 2 से 31 मार्च तक 1 वातानुकूलित कुर्सीयान श्रेणी डिब्ब तथा गाड़ी संख्या 19617/19618 मदार-रेवाड़ी-मदार रेलसेवा में 1 मार्च से 31 मार्च तक 5 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है।



रेवाड़ी। रेवाड़ी रेलमार्ग से गुजरते हुए ट्रेन।

**PUBLIC NOTICE**

It is informed to the general public that Mrs. Krishna Devi,wife of late Shri Vijay Prakash alias Vijay Kumar, son of late Shri Sagarmal, resident of Nohra Bada Talab, Rewari, has passed away on 27.10.2025. Her husband, Vijay Prakash alias Bijay prakash Gupta died on 14.06.2014. The deceased Krishna Devi had no children. Krishna Devi's parents had already passed away. The deceased Krishna Devi had two brothers, Rameshwar Dayal Gupta and Rambir Gupta. Rambir has also passed away. She has one sister, Sita Devi, wife of Rajendra Kumar.Legal heirs of the deceased are:
1. Rameshwar Gupta – Brother
2. Sita Devi – Sister
3.Late Rambir Gupta – Brother (deceased).

खबर संक्षेप



रेवाड़ी। सम्मेलन में सम्मान हासिल करते हुए डा. प्रेम कुमार यादव।

## डा. प्रेम को मिला गुराया मेमोरियल ओरेशन अवार्ड

रेवाड़ी। क्लोन कटड़ी पैदा करने के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाले जिले के गांव निमोठ निवासी वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. प्रेम कुमार यादव को वाराणसी में आयोजित वैश्विक शिखर सम्मेलन में प्रो. एसएस गुराया मेमोरियल ओरेशन अवार्ड-2026 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मेलन वाराणसी की बीएचयू में आयोजित आईएसएसआरएफ की ओर से आयोजित किया गया था। डा. प्रेम कुमार यादव को आईसीएआर-सीआईआरबी हिसार में भैंस क्लोनिंग के क्षेत्र में उनकी टीम को अपार सफलता को देखते हुए दिया गया है। डा. प्रेम ने बताया कि भैंस क्लोनिंग के क्षेत्र में उनकी टीम ने महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने इस सम्मान के लिए आईएसएसआरएफ और प्रजनन जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रगति में सहयोग देने वाले सभी टीम सदस्यों का आभार व्यक्त किया है।

## लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा केसों का कराएं निपटारा

रेवाड़ी। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित वर्मा ने बुधवार को विभिन्न बीमा कंपनी के पैनल एडवोकेट के साथ मीटिंग बैठक की, आगामी नेशनल लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा मोटर एक्सीडेंटल क्लेम के केस निपटाए जाने को लेकर निर्देश दिए। सीजेएम वर्मा ने बताया की जिला एडीआर सेंटर में परमानेंट लोक अदालत में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 12 मार्च को किया जाएगा तथा पूरे जिले में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को किया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने केस नेशनल लोक अदालत में निपटाएं। डालसा सचिव ने बताया कि उच्चतम न्यायालय की ओर से आमजन के लिए चलाए गए टोल फ्री नंबर 15100 तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबर 01274-220062 पर आमजन किसी भी प्रकार की कानूनी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### सरकारी जमीन खाली कराने का रास्ता हुआ साफ

# सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले हटे पीछे धारूहेड़ा में अस्पताल निर्माण का रास्ता साफ

कब्जा धारकों ने लिखित में बताया कि उन्हें कब्जा हटाने में नहीं आपत्ति

- जमीन को खाली कराने के आदेश जारी कर दिए गए
- अस्पताल निर्माण का मामला भी खटाई में पड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी/धारूहेड़ा




रेवाड़ी। धारूहेड़ा कस्बे में अंग्रेजों के जमाने से चली आ रही पीएचसी। फोटो : हरिभूमि

धारूहेड़ा में अस्पताल निर्माण के लिए कब्जों की चपेट में सरकारी जमीन खाली कराने का रास्ता साफ हो गया। जमीन से कब्जा खाली कराने के लिए दिए नोटिसों के जवाब में आपत्ति दर्ज कराने की बजाय कब्जाधारकों ने जमीन खाली कराने पर लिखित में सहमति दे दी है। इसके बाद 96 कनाल 19 मरला जमीन खाली कराने की प्रक्रिया को जल्द अंजाम दिया जाएगा।

यह सरकारी जमीन अवैध कब्जों की चपेट में होने के कारण अस्पताल निर्माण का मामला भी खटाई में पड़ा हुआ था। जमीन का अस्पताल के लिए चयन पूर्व में तत्कालीन सीएमओ व वर्तमान में बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार ने किया था इसके बाद सीएमओ डा. सुरेंद्र यादव ने भी अस्पताल निर्माण के लिए इस जमीन को उपयुक्त मानते हुए सरकार को प्रस्ताव भेजा था। जमीन पर कई लोगों ने कब्जा किया हुआ है। नायब तहसीलदार अजय कुमार की ओर से कब्जा धारकों को तीन बार नोटिस दिए गए, लेकिन कोई भी आपत्ति दर्ज कराने के लिए सामने नहीं आया। बुधवार को कब्जा धारकों ने लिखित में बताया कि उन्हें सरकारी जमीन से कब्जा खाली कराने पर कोई आपत्ति नहीं है। इसके बाद इस जमीन को खाली कराने के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

### चेयरमैन कंवर सिंह यादव ने किए प्रयास

इस बेशकीमती सरकारी जमीन को अस्पताल के लिए उपयुक्त मानते हुए नगर पालिका चेयरमैन कंवर सिंह यादव ने काफी समय से प्रयास शुरू किए हुए थे। उन्होंने इसके लिए केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह से मुलाकात करते हुए अस्पताल निर्माण की मांग को क्षेत्र के लोगों की जरूरत बताया था। केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को सरकारी जमीन से कब्जा हटवाने के निर्देश दिए थे, जिसके बाद यह प्रक्रिया अमल में लाई गई।

### ब्रिटिश शासनकाल से चल रही पीएचसी

धारूहेड़ा कस्बे की जनसंख्या तेजी से बढ़ी है। यह 1.5 लाख का आंकड़ा पार की चुकी है। देश के प्रमुख दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर स्थित होने के कारण कस्बे में अस्पताल की दरकार काफी समय से है। ब्रिटिश शासनकाल से ही यहां पीएचसी चली रही है, जिसे अस्पताल का दर्जा दिलाने के लिए भी लगातार मांग की जा रही है। जमीन खाली होने के बाद इस पर अस्पताल निर्माण का रास्ता साफ हो जाएगा।

### लंबे समय से कब्जों की चपेट में



यह जमीन लंबे समय से कब्जों की चपेट में है। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों को इस जमीन को जल्द खाली कराने के निर्देश दिए थे। इसके बाद ही प्रशासन ने जमीन खाली कराने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने शुरू किए। अब जल्द ही इस जमीन पर प्रशासन की ओर से कब्जा लेने की कार्यवाही की जाएगी।
-कंवर सिंह यादव, चेयरमैन नपा।

### विद्यार्थियों ने खेल प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा



*रेवाड़ी। महेंद्रगढ़ रोड पर स्थित विकास इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नर्सरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया और विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्कूल निदेशक देवेंद्र यादव ने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा है। स्कूल का उद्देश्य बच्चों में टीमवर्क, अनुशासन और आत्मविश्वास को विकसित करना है। प्राचार्य भीम सिंह यादव ने कहा कि खेल महोत्सव ने बच्चों में ऊर्जा और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ाया है। उन्होंने प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया।*

## शिव मंदिर के बरसाना होली मिलन कार्यक्रम में भजनों पर झूमीं महिलाएं

- शिव मंदिर में बुधवार को बरसाना होली मिलन तथा भजन कीर्तन का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। कार्यक्रम में भजनों पर झूमती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

शहर के आजाद चौक पर श्री बालाजी धर्मार्थ समिति की ओर से संचालित शिव मंदिर में बुधवार को बरसाना होली मिलन तथा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी पंडित सुमन भारद्वाज ने बताया कि शक्ति शर्मा ने आज ब्रज में होली है, पूजा माहेश्वरी ने राधा संग होली खेल रहे नंदलाल, पुष्पा देवी ने रंग मत डारे रे कान्हा आज बरसाने में होली है सहित अनेक भजनों पर महिलाओं को नांचने पर मजबूर किया। इस अवसर पर सावित्री शर्मा, मीनाक्षी महेश्वरी, शकुंतला, संतोष देवी,कोमल मिश्रा, रजनी सैनी, हेमलता, मीनाक्षी अरोड़ा, उमा महेश्वरी, सुनीता यादव, अंजलि महेश्वरी, कमलेश, संतरा देवी, कैलाश सैनी, मुकेश यादव, संतोष, सुमन, रेनू, पूनम, सुशीला, पुष्पा खन्ना, नीलम सैनी व ओमवती सहित अनेक महिलाएं मौजूद थी।

## एडीआर सेंटर से बाल विवाह मुक्ति रथ रवाना

- वाहन जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में लोगों को बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए जागरूक करेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। बाल विवाह जागरूकता रथ को रवाना करते सीजेएम। फोटो : हरिभूमि

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव व सीजेएम अमित वर्मा ने जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन एवं एमडीडी ऑफ इंडिया की ओर से संचालित बाल विवाह मुक्ति रथ को एडीआर केंद्र से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में लोगों को बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए जागरूक करेगा। उन्होंने सभी को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ भी दिलाई। इस मौके पर सीजेएम अमित वर्मा ने कहा कि 18 से कम उम्र में लड़कियों व 21 वर्ष से कम उम्र के लड़कों की शादी बाल अपराध हैं। इस अपराध से बचने के लिए जागरूक होना जरूरी हैं। इसी उद्देश्य से आमजन को जागरूक करने के लिए बाल विवाह मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है।

जिला समन्वयक जगदीप सिंह रावत ने बताया कि भारत सरकार की ओर से बाल विवाह मुक्त भारत के एक वर्ष पूर्ण होने पर 8 मार्च तक पूरे देश में 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। भारत सरकार के इसी अभियान का समर्थन करते हुए एमडीडी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय सहयोगी जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन ने हरियाणा के विभिन्न जिलों सहित देशभर में बाल विवाह मुक्ति रथ संचालित किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि रेवाड़ी में यह रथ दो दिन तक चलेगा, जिसके तहत जिले के 50 गांवों के साथ शहरी क्षेत्र में बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता अभियान को गति देने का काम करेगा। रथ के माध्यम से बाल विवाह के विरुद्ध सशक्त संदेश का प्रसारण करने के साथ-साथ जागरूकता प्रचार सामग्री भी वितरित की जाएगी। इस अवसर पर बाल विवाह निषेध अधिकारी सरिता शर्मा, जेआरसी के संस्थापक भुवन रिभु, एमडीडी ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुरेन्द्र सिंह मान भी मौजूद थे।

### इच्छा पूर्ण चोले वाले हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ और भजन संध्या का आयोजन



*रेवाड़ी। सेक्टर-1 सोलहराही स्थित प्राचीन इच्छा पूर्ण चोले वाले हनुमान मंदिर में मंगलवार रात्रि को 31वें सुंदरकांड पाठ, भंडारे और भजन संध्या का आयोजन किया गया। सुंदरकांड के मुख्य यजमान जितेन्द्र कुमार व ममता थे। मंदिर के पुजारी पंडित बिजेंद्र भारद्वाज मेहंदीपुर बालाजी धाम वाले ने पूजा-अर्चना कराकर सुंदराकांड पाठ शुरू कराया। मंदिर के संस्थापक व एडवोकेट भूपेन्द्र सिंह गुप्ता के बताया कि सुंदरकांड पाठ व भंडारा भक्तों के सहयोग से किया जाता है। कार्यक्रम में भजन गायक गोपाल वर्मा, जीतू पागल और दीक्षा गुप्ता ने मनमोहक भजनों के माध्यम से सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध किया। इस मौके पर भाजपा नेता दीपक मंगला, राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के प्रदेश महासचिव सुरेन्द्र वशिष्ठ, उपाध्यक्ष अंकित लोहिया, प्रधान बिल्लू पोसवाल, सेक्टर-1 आरडब्ल्यूए प्रधान रविंद्र यादव, चरण सिंह, डा मंजू यादव, एडवोकेट मधुसूदन शर्मा, प्रो.विजय शर्मा, प्रशांत गोयल, अमित सांघी, अतुल शर्मा, पवन, गोलू, लक्ष्मण रावत, राजू, आशीष व अनिरूध सहित सैकड़ों श्रृद्धालु मौजूद थे।*

## अधिवक्ता के लिए न्यायालय के प्रति सम्मान जरूरी: सुधीर

- आईजीयू में विधि विभाग की ओर से दो दिवसीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मीरपुर



रेवाड़ी। प्रतियोगिता के विजेता अतिथियों के साथ। फोटो : हरिभूमि

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में विधि विभाग की ओर से दो दिवसीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न संस्थानों की 16 टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम में शांति देवी लॉ कॉलेज सहारनवास, पीआरबीएस कॉलेज खटोद, केशव लॉ कॉलेज कोसली तथा विश्वविद्यालय शैक्षणिक विभागों की टीमें शामिल रहीं। प्रतियोगिता प्रारंभिक दौर, क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल चार चरणों में आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विवि के कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह ने किया। प्रतियोगिता में सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेश कुमार, वरिष्ठ अधिवक्ता सुधीर कुमार मुद्गिल गुरुग्राम एवं पटौदी बार, डीएलएसए डिफेंस काउंसिल झज्जर गौतम लूनीवाल, सहायक लोक अभियोजक विनीत चौधरी, नारनौल बार के सचिव प्रदीप कुमार तथा अधिवक्ता झज्जर दीपक कुमार ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर सुधीर कुमार मुद्गिल ने कहा कि एक अच्छे अधिवक्ता के लिए ईमानदारी, तैयारी, स्पष्ट तर्क, आत्मविश्वास और न्यायालय के प्रति सम्मान बहुत जरूरी है। मुख्य अतिथि रिपुदमन गुप्ता अध्यक्ष केएलपी एजुकेशन सोसायटी व विशिष्ट अतिथि दुर्गादत्त गोयल सचिव हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए।

### ये रहे प्रतियोगिता के परिणाम

*प्रतियोगिता में विजेता विश्वविद्यालय क्षेत्र के विभाग से प्रिया, युधिष्ठिर और चंचल की टीम तथा उपविजेता शांति देवी लॉ कॉलेज से विशाखा, सोनिया और अंजलि रही। सर्वश्रेष्ठ मूटेर का पुरस्कार प्रिया यूटीडी, सर्वश्रेष्ठ मेमोरियल यूटीडी से कंवर सिंह, हरीश और चरणदीप तथा सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता का पुरस्कार निधि को दिया गया। विधि विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर तेज सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया।*

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लिए 28 तक कर सकते आवेदन

रेवाड़ी। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। योजना के तहत अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं विमुक्त जनजाति के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र विद्यार्थी नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर अपना पंजीकरण 28 फरवरी तक करा सकते है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि 10वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत सरकारी अथवा निजी शिक्षण संस्थाओं में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी योजना का लाभ उठा सकते हैं।

न्यूज डायरी

## बावल विधायक ने विधानसभा सत्र में प्रदेश में हो रहे चहुंमुखी विकास पर की चर्चा



रेवाड़ी। विधानसभा सत्र में बोलते हुए विधायक डा. कृष्ण कुमार।

रेवाड़ी। बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार पं. दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित अंत्योदय की भावना को साकार कर रही है। विधायक ने विधानसभा सत्र में प्रदेश सरकार की ओर से कराए जा रहे चहुंमुखी विकास कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बावल में भी विकास का पहिया तेजी से घूम रहा है। विधायक ने विधानसभा सत्र के दौरान कहा कि हरियाणा सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने, लागत कम करने और उनके जोखिम को न्यूनतम करने के लिए बहुआयामी नीतियां अपनाई हैं। अन्नदाता के सम्मान से प्रदेश प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार पर्यावरण से जुड़ी चिंताओं को दूर करने के लिए फसल अवशेष प्रबंधन के लिए 9 हजार 885 मशीनें सब्सिडी पर दी गई हैं। भावांतर भरपाई योजना के तहत 157.16 करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं। हाल ही में, मधुमक्खी पालकों को बाजार के उतार-चढ़ाव के जोखिम से बचाने के लिए शहद को भी इस योजना में शामिल किया गया है। विधायक ने कहा कि हरियाणा सरकार नारी शक्ति को राज्य के सर्वांगीण विकास का आधार मानती है और उनके सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक उत्थान के लिए लगातार काम कर रही है। सरकार ने भी युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के अवसरों को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने गांवों में अटल लाइब्रेरी, इंडोर जिम व महिला सांस्कृतिक केंद्र स्थापित किए हैं।

## बच्चों को जीवन के वास्तविक मूल्यों और संस्कारों से जोड़ना अत्यंत आवश्यक: नवीन सैनी



रेवाड़ी। राज इंटरनेशनल स्कूल ने बुधवार को प्रेरक पहल करते हुए विद्यार्थियों के लिए गोक्रांति गोशाला का शैक्षिक एवं संस्कारमय भ्रमण आयोजित किया। इस अवसर पर कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के उन विद्यार्थियों को शामिल किया गया, जिनका जन्मदिन नवंबर से फरवरी माह के बीच आता है। गोशाला पहुंचकर बच्चों ने अत्यंत उत्साह और श्रद्धा भाव से गायों की सेवा की। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक नवीन सैनी ने कहा कि आज के डिजिटल युग में, जहां बच्चे सोशल मीडिया की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं, उन्हें जीवन के वास्तविक मूल्यों और संस्कारों से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्यालय का लक्ष्य केवल शैक्षिणिक उपलब्धियां हासिल करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को संवेदनशील, जिम्मेदार और संस्कारि नागरिक बनाना है, जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाएगा। पीआरओ राजेश शर्मा ने कहा कि सच्ची खुशी उपभोग में नहीं, बल्कि सेवा और साझा संवेदना में निहित होती है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का स्टाफ भी उपस्थित रहा।

## बीएमएस के बैनर तले महिला कर्मचारियों का प्रदर्शन, 12 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



रेवाड़ी। डीडीपीओ को ज्ञापन सौंपते हुए कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

रेवाड़ी। बुधवार को भारतीय मजदूर संघ हरियाणा के बैनर तले विभिन्न सरकारी विभागों से जुड़ी सैंकड़ों महिला कर्मचारियों ने अपनी 17 लंबित मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इससे पहले नेहरू पार्क में एकत्रित हुए कर्मचारियों ने बावल रोड़ से होते हुए सचिवालय तक रोष मार्च भी निकाला। सचिवालय के गेट पर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम डीडीपीओ एचपी बंसल को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर आंगनबाड़ी यूनियन की जिला प्रधान राजबाला चौहान ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश में अपनी सेवाओं के पचास वर्ष पूरे किए हैं, लेकिन सरकार की ओर से उनके साथ सरकार ने किए गए वायदे अभी तक अधूरे हैं। उन्होंने सरकार से जायज मांगों को पूरा करने की मांग की। सीपीएलओ कर्मचारी मनीषा ने कहा कि सरकार की कर्मचारियों के साथ वायदा खिलाफी खत्म नहीं हो रही है, क्योंकि सरकार ने कर्मचारियों के लिए कोई स्थाई नीति नहीं बनाई। पिछले दस वर्षों से सरकार आंगनबाड़ी वर्करों को आगे नहीं बढ़ा पाई है। उन्होंने आंगनबाड़ी वर्कर्स को स्थाई कर्मचारी घोषित करने और सेवानिवृत्त होने के बाद उनके लिए पेंशन का प्रावधान करने की मांग की। उन्होंने कहा कि आज एक सीपीएलओ सरकार की हर योजना आमजन तक पहुंचाता है, उसे मात्र 6 हजार दिए जाते हैं, यह राशि ऊंट के मुंह में जीरा के समान हैं। उन्होंने सभी कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा नियम के दायरे में लाने, 5 वर्ष से अधिक सेवाकाल वाले कर्मचारियों को भी इस नियम में लाने, ओटीपी वाले पोर्टल को आसान बनाने, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और हेल्परों को नियमित करने सहित 17 मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

## विस बजट सत्र में उठी आईजीयू से संबद्ध शिक्षकों को जॉब सुरक्षा देने की मांग

रेवाड़ी। विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने विधानसभा बजट सत्र के शून्य काल में रेवाड़ी क्षेत्र की विभिन्न मांगों को प्रमुखता से उठाया। विधायक लक्ष्मण सिंह ने कहा कि जिस प्रकार सरकार ने प्रदेश के हजारों कर्मियों को जॉब सुरक्षा की गारंटी प्रदान की है, उसी प्रकार इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी में कार्यरत करीब 1400 शिक्षकों को जॉब सुरक्षा देने का कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि पूर्व घोषणा के अनुसार रेवाड़ी में कृषि सदन की स्थापना की जाए। जिला सचिवालय छोटा होने के कारण अधिकांश कार्यालय बाहर है। कृषि सदन का निर्माण होने से कृषि से जुड़े सभी कार्य एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेंगे। विधायक ने कहा कि रेवाड़ी के सैनिक बाहुल्य क्षेत्र है तथा यहां का गौरवमयी सैनिक इतिहास रहा है। रेवाड़ी में एक सैनिक सदन के निर्माण की भी घोषणा की जा चुकी है। इसलिए सैन्य इतिहास को देखते हुए जल्द से जल्द सैनिक सदन का निर्माण करवाया जाए। रेवाड़ी में एक मीडिया सेंटर भी बनाया जाए। साथ ही नगर परिषद की ओर से विशाल ऑडिटोरियम का निर्माण भी करवाया जाए, जिसमें कम से कम एक हजार लोगों के बैठने की पर्याप्त व्यवस्था हो। विधायक ने मांग रखी कि एनएच-48 पर स्थित औद्योगिक क्षेत्र धारूहेड़ा के लगातार बढ़ते एरिया व जनसंख्या को देखते हुए ऐलिवेटिड बनाकर राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि जिले का मीरपुर प्राचीन गांव है। जहां पीने के पानी की उचित व्यवस्था नहीं है। गांव की ओर से यूनिवर्सिटी बनाने के लिए अपनी पूरी 100 एकड़ जमीन विवि को दे दी गई। गांव की पेयजल समस्या को देखते हुए उस जमीन में से मात्र चार एकड़ जमीन गांव को लौटाई जाए, क्योंकि विवि के लिए 100 एकड़ जमीन बहुत ज्यादा होती है। इस चार एकड़ जमीन में जलघर का निर्माण कराकर गांव के लोगों की प्यास बुझाई जा सकें। उन्होंने कहा कि हरियाणा पंचायत कंप्यूटर ऑपरेटर को नाममात्र वेतन दिया जा रहा है, जबकि उनके पास अनेकों कार्य होते है। इसलिए उनका वेतन बढ़ाकर समय पर उपलब्ध कराने का कार्य भी किया जाए।



विधायक लक्ष्मण सिंह यादव।

- विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने विधानसभा बजट सत्र के शून्य काल में उठाएं जिले के अनेक मुद्दे